Title: Need to allow worship in the monuments in Delhi and maintain them properly.

श्री राशिद अल्वी (अमरोहा) : उपाध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से सरकार की तवज्जह एक खास बात की ओर दिलाना चाहता हूं। पूरे हिन्दुस्तान में, खास तौर से दिल्ली में जो मोन्युमेंटस है, उन पर सरकार तवज्जह नहीं देती है। मोन्युमेंटेस को दिखाने के नाम पर टिकट के रूप में पैसा तो लिया जाता है, लेकिन उनको मेंटेन नहीं किया जाता है। दिल्ली के अन्दर खास तौर से बहुत से मोन्युमेंटस ऐसे हैं, जहां पर मसाजिद, मोस्क बनी हुई हैं। सफदरजंग टोम्ब के अन्दर मस्जिद बनी हुई हैं और लाल-किले के अन्दर भी मोती मस्जिद बनी हुई हैं। मेरा निवेदन है कि इनमें नमाज पढ़ने की इजाजत होनी चाहिए। कल से रमजान का महीना शुरू हो रहा है, जो मुसलमानों के लिए एक पाकीज महीना है। मैं चाहूंगा कि उन मस्जिदों के ताले खोले जायें और मुसलमानों को पांचों वक्त नमाज अदा करने की इजाजत दी जाए। इसके साथ ही यदि इन स्थानों में कोई मंदिर बना है, जिसमें पूजा नहीं होती है और वह मोन्युमेंटस में आता है, तो उसके लिए भी इजाजत मिलनी चाहिए, क्योंकि मंदिर-मस्जिद इसलिए नहीं बने हैं कि उनको दुनिया को दिखाया जाए कि यह तीन सौ साल पुरानी खुबसूरत इमारत बनी थी और इसको आकर देखा जाए। आज इस मकसद को पूरा किया जाना चाहिए, वरना सौ साल के बाद हम लोग जो आज पार्लियामेंट में बैठे हैं, इसको दुनिया के लोगों को दिखाया जाएगा और बताया जाएगा कि इस पार्लियामेंट में हम लोग बैठते थे। मैं कहना चाहता हूं, सरकार के अन्दर आज एक दर्जन मंत्री ऐसे हैं, जो पिछले पचास सालों से यह आवाज उठाते रहे हैं, जो आवाज मैं आज उठा रहा हूं। मैं आज उनसे कहूंगा कि वे सरकार पर दबाव डालकर इस काम को करायें।

MR. DEPUTY-SPEAKER: You can say that you associate yourself with what the hon. Member mentioned.

SHRI E. AHAMED (MANJERI): The request of the hon. Member was that because there are places of worship in these monuments, they may be kept open only for one month. They cannot be closed down just because they are historical monuments. You can urge the Government, Sir.

">MR. DEPUTY-SPEAKER: I cannot direct the Government from here.

">SHRI E. AHAMED : They may be kept open in the month of Ramzan. This is a secular country where everyone has freedom to worship. You may also direct the Government.

">MR. DEPUTY-SPEAKER: I cannot direct the Government from the Chair. You know that.